राजस्थान में नई 'टाउन प्लानिंग पॉलिसी' लाने की तैयारी में जुटी भजनलाल सरकार

यू.डी.एच. प्रमुख सचिव टी. रविकांत ने अफसरों की बैठक लेकर नगर नियोजनों की नीति व नियमों के पुनरावलोकन तथा टाउन प्लानिंग का नया अधिनियम लागू करने पर चर्चा की

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । राजस्थान के शहरों व गांवों में सुनियोजित विकास के लिए सरकार जल्द ही टाउन प्लानिंग की नई पॉलिसी लाने की तैयारी में है। क्योंकि शहरों में तेजी से बढ़ती आबादी और उच्च जनसंख्या घनत्व वाले क्षेत्रों में बहुमंजिला मकान बन रहे हैं, लेकिन इनकी नीतियां पुरानी है। इस कारण संकरी गलियों और छोटी-छोटी सड़कों पर बहुमंजिला इमारतें बन गई है, लेकिन लोगों को पार्क, सड़क और पानी-शुद्ध हवा जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रही है।

शुक्रवार को नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकांत ने राजस्थान में बेहतर नगर नियोजन के लिए अधिकारियों की बैठक ली। इस मीटिंग में मुख्य नगर नियोजक राजस्थान, जयपुर विकास प्राधिकरण के आयोजना निदेशक, सभी अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक और वरिष्ठ नगर नियोजक उपस्थित रहे।

बताया जा रहा है कि टी. रविकांत की मौजूदगी में हुई इस बैठक में शहरों के सुनियोजित विकास के लिए नीतियां, नियम-उपनियमों का वर्तमान परिपेक्ष में भविष्य की जरूरत के हिसाब से पुनरावलोकन करने के बारे में चर्चा हुई।

बैठक में बताया गया कि राजस्थान नगरीय एवं ग्रामीण अधिनियम वर्ष 2018 में बनाया गया था, लेकिन इस पर विशेष काम नहीं हो पाया है। करीब 5 साल का समय बीतने के बाद भी इसे लागू नहीं किया जा सका, जबकि देश के अधिकांश राज्यों में यह अधिनियम लागू किया जा चुका है।

नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकांत ने अधिकारियों की बैठक लेकर शहरों के सुनियोजित विकास पर चर्चा की।

इस अधिनियम के लागू होने से नगर विकास के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के लिए भी एकीकृत योजनाबद्ध विकास के लिए योजना बनाई जाकर क्रियान्वित किया जा सकेगा। बैठक में टाउनशिप पॉलिसी 2010 के बारे में चर्चा की गई, साथ ही इस पर भी पुनरावलोकन की जरूरत जताई गई। इस पॉलिसी के लागू होने से नई विकसित होने वाली योजनाओं में आमजन के लिए पार्क और जन सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी।

सूत्रों की मानें तो सभी नियम-उपनियमों के पुनरावलोकन के लिए नीति नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। नगर नियोजन से संबंधित एजेंसियां जैसे, जे.डी.ए, नगर विकास न्यास और अन्य विभाग के अधिकारी दूसरे राज्यों में जाकर वहां के नीति-नियमों का अध्ययन करेंगे। फिर इसे राजस्थान में भी लागू करने पर विचार होगा। टी. रविकांत ने नगर नियोजन विभाग के अधिकारियों का एक दल मध्य प्रदेश में प्रचलित भवन नीति-नियमों का अध्ययन करने के लिए शीघ्र भेजने को कहा।

इसके साथ ही नगर नियोजन विभाग के वरिष्ठतम अधिकारियों को अलग-अलग नगर विकास न्यास, प्राधिकरण एवं नगर निगमों में भेजा जायेगा। यह टीमें मौके पर जाकर योजनाओं के भवन ले-आउट तथा भवन स्वीकृति की तकनीकी पत्रावलियों का निरीक्षण करके आ रही कठिनाइयों के संबंध में रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करेगी। पूर्व में भी प्रमुख शासन सचिव की अध्यक्षता में नगर नियोजन विभाग के अधिकारियों के साथ दो बार बैठक कर चर्चा की जा चुकी है। टी. रविकांत ने नगर विकास न्यासों, प्राधिकरणों और नगर निगमों की

- **टी. रविकांत ने नगर नियोजन अधिकारियों का एक दल मध्यप्रदेश में प्रचलित भवन नीति-नियमों का अध्ययन करने के लिए जल्द भेजने के निर्देश दिए**
- **राजस्थान नगरीय एवं ग्रामीण अधिनियम-2018, पांच साल बीतने के बावजूद प्रदेश में लागू नहीं हुआ, जबकि देश के अधिकांश राज्य इसे लागू कर चुके**

ऑनलाइन सर्विसेज की ऑडिट करने के भी निर्देश दिए है।

बैठक में बताया गया कि सम्बंधित स्टेक होल्डर्स जैसे कि आर्किटेक्ट एसोसिएशन, बिल्डर्स एसोसिएशन, नगर विकास न्यास, प्राधिकरण तथा नगर निगमों के साथ अलग-अलग बैठक होगी। आगामी 5 मार्च को टाउन प्लानिंग एक्ट, 12मार्च को टाउनशिप पॉलिसी तथा 15 मार्च को डी.सी.आर. तथा 21 मार्च को जन आवास योजना की बैठक आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में नगर नियोजन से संबंधित विशेषज्ञ भी आमंत्रित किए जाएंगे, जिनसे सुझाव प्राप्त कर नगर नियोजन से संबंधित नीति नियमों में पुनरावलोकन में सहायता मिलेगी।

कांस्टेबल भर्ती परीक्षा का फर्जी अभ्यर्थी पकड़ा

जयपुर । कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2021 में पास एक अभ्यर्थी की बायोमेट्रिक जांच में की गई तो उसका मिलान नहीं हुआ। इस पर अभ्यर्थी के खिलाफ जयसिंहपुरा खोर थाने में मामला दर्ज करवाया गया। पुलिस का मानना है कि अभ्यर्थी के स्थान पर किसी और ने परीक्षा दी थी। ऐसे में अब पुलिस उस आरोपी का भी पता लगाने में जुट गई है। पुलिस के अनुसार नोखा बीकानेर निवासी रामकिशन ने मामला दर्ज करवाया कि 13वीं बटालियन आरएसी (जेल सुरक्षा) चैनपुरा में कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2021 में लिखित परीक्षा में पास एक अभ्यर्थी अशोक कुमार निवासी विजयपुरा सीकर निवासी आया था। इस पर उसका सत्यापन करने के लिए अभ्यर्थी की अंगुली की बायोमेट्रिक लिया गया, लेकिन लिखित परीक्षा में बैठे अभ्यर्थी से उसका मिलान नहीं हुआ। इस पर परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने सहित अन्य धाराओं में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

जयपुर । अशोक नगर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक बेचने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके पास से 50.15 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक और 35 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक बेचने वाली महिला तस्कर नैनी देवी और मालती देवी को को गिरफ्तार किया गया है और दोनों ही दूनी जिला टोंक हाल अशोक नगर थाना इलाके की रहने वाली है।

ज्योतिष विज्ञान ही दे सकता है अंधकार से छुटकारा : पं.किशन

जयपुर । दिल्ली में प्रगति मैदान के नक्षत्र हॉल नं.7 स्टाल नं. 7बी-6डी, पर रामा शिवशक्ति भृगु दरबार मंदिर का स्टाल आम लोगों की जिज्ञासा व आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

स्टाल पर काफी भीड़ उमड़ी हुई है। मंदिर में गोल्ड मैडलिस्ट पंडित किशन लाल शास्त्रों द्वारा संशोधन करके जन्मपत्री हस्तरेखा देखकर जीवन का पूरा हाल बताते हैं। उनका कहना है कि ज्योतिष वेदों का नेत्र माना जाता है। जिस प्रकार से व्यक्ति अपने नेत्रों के सारे संसार को देखता है, उसी प्रकार से व्यक्ति के भविष्य जानने के लिये ज्यातिष का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान होता है और हजारों लोगों ने फायदा उठाया है। उन पर ही विश्वास करके अपनी समस्याओं को जाने ना कि किसी दिखावटी व सजावटी चीजों पर विश्वास करें, नहीं तो बाद में उन्हें पछताना पड़ सकता है और जिसके कारण अंधविश्वास पैदा हो जाता है क्योंकि पूर्ण ज्यातिष विज्ञान को ग्रहण करने में सालों लग जाते हैं। इसलिये दिखावट पर ना जाएं। व्यक्ति के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिये ज्योतिष अच्छा मार्गदर्शन देता है जिससे व्यक्ति अपने जीवन में आने वाली परिस्थितियों का निवारण ग्रहों की पूजा जप-दान आदि करके अपने अनुकूल फल प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन में ज्योषि विज्ञान का बहुत महत्व है।

आवासन आयुक्त ने प्रगतिरत प्रोजेक्ट्स का जायजा लिया

जयपुर । आवासन आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने शुक्रवार को मानसरोवर में प्रगतिरत फांउटेन स्क्वायर, बॉटनिकल गार्डन और प्रतापनगर में ए.आई.एस. रेजिडेंसी फेज-प्रथम तथा इंदिरा गांधी नगर में 200 फीट गंगा मार्ग के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अधिकारी-अभियंता विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए उन्हें समय पर पूरा करें, जिससे आमजन को शीघ्र सुविधाएं मिल सके।

इंद्रजीत सिंह ने मानसरोवर के उप आवासन आयुक्त वृत्त कार्यालय में प्रस्तावित जन सुनवाई केन्द्र की योजना पर मुख्यमंत्री के विशेष अधिकारी विकास राजपुरोहित के साथ विस्तृत चर्चा की और प्रतापनगर स्थित कोचिंग हब का अवलोकन भी किया। उन्होंने मानसरोवर चौपाटी एवं प्रतापनगर में उप आवासन आयुक्त वृत्त कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

इंद्रजीत सिंह ने कि आगामी दिनों में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से हाऊसिंग बोर्ड के प्रगतिरत प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन कराया जायेगा। ऐसे में अधिकारी शीघ्र लंबित कार्यो को पूर्ण करें। संबंधित अभियंता विकास और निर्माण कार्यों में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का ही उपयोग करें। कार्य समय पर पूर्ण नहीं होने पर संबंधित अभियंता की जिम्मेदारी तय की जाएगी और उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त ने कहा कि मानसरोवर में प्रस्तवित जन सुनवाई केन्द्र को एक मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसे नागरिकों की समस्त आवष्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री की मंषा के अनुरूप मण्डल के कार्मिक समय पर कार्यालय आए और पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करें। इंद्रजीत सिंह ने मण्डल के समस्त कार्यालयों में सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के विशेष निर्देश भी दिए। दौरे में मुख्य अभियंता प्रथम अमित अग्रवाल सहित संबंधित अभियंता और उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

एल.आई.सी. की 'अमृतबाल' योजना शुरू

जयपुर (कासं)। भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड (एल.आई.सी.) ने "अमृतबाल" योजना शुरू की है, जो कि 17 फरवरी 2024 से बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। केन्द्रीय वित्त सचिव डॉ. विवेक जोशी ने इसका शुभारंभ किया।

अमृतबाल योजना की बात करें तो यह व्यक्तिगत, बचत और जीवन बीमा योजना है। खासकर इसे बच्चों की उच्च शिक्षा और अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त धनराशि संचय के उद्देश्य के साथ बनाया गया है। यह शुरूआत से लेकर पॉलिसी अवधि के अंत तक प्रत्येक पॉलिसी वर्ष में 80 रुपये प्रति हजार मूल बीमा राशि के हिसाब से निश्चित अभिवृद्धि देगा, बशर्ते पॉलिसी लागू हो।

इस योजना में प्रवेश के समय न्यूनतम आयु 0 वर्ष (30 दिन पूर्ण) है, जबकि अधिकतम 13 वर्ष की उम्र के बच्चों के लिए इसे खरीदा जा सकता है। पॉलिसी परिपक्वता पर न्यूनतम आयु 18 वर्ष (पिछला जन्मदिन) है, जबकि अधिकतम आयु 25 वर्ष हो सकती है।

केन्द्रीय वित्त सचिव डॉ. विवेक जोशी ने एल.आई.सी. की 'अमृतबाल' योजना का शुभारंभ किया।

एल.आई.सी. इस प्लान में 5 से 7 वर्ष तक लघु प्रीमियम भुगतान अवधि की सुविधा भी मुहैया करवाता है। सीमित/एकल प्रीमियम भुगतान के लिए अधिकतम पॉलिसी वर्ष 25 है। इस योजना में न्यूनतम बीमा राशि 2 लाख है, जबकि अधिकतम राशि कोई सीमा नहीं (शर्तों के अधीन) है। परिपक्वता राशि को 5, 10 अथवा 15 वर्षों तक किश्तों में लेने की सुविधा भी इस स्कीम में मिलेगी। प्रस्तावक के पास एकल प्रीमियम और सीमित प्रीमियम भुगतान में से प्रत्येक के तहत उपलब्ध दो विकल्पों के अनुसार "मृत्यु पर बीमा राशि" चुनने का विकल्प होगा। जोखिम कवर अवधि के दौरान चालू पॉलिसी के लिए "मृत्यु पर बीमा राशि" के साथ अर्जित निश्चित अभिवृद्धि एकमुश्त दी जायेगी। शर्तों के अधीन पॉलिसी अवधि के दौरान ऋण उपलब्ध होगा।

भर्ती परीक्षाओं में गलत जवाब को सही करने का झांसा देकर ठगने वाला दबोचा

जयपुर (कासं)। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के अभ्यर्थी से अनूठे तरीके से ठगी करने वाले बदमाश को पुलिस ने दबोचा है। बदमाश परीक्षाओं की ओएमआर शीट (आंसर शीट) में गलत जवाब को सही करने के नाम पर ठगी कर रहे थे। एसओजी की टीम ने ऐसे ठगी करने वाले एक बदमाश महेन्द्र चैधरी को गिरफ्तार किया है। जो बाड़मेर का रहने वाला है। आरोपी के पकड़े जाने के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ है। आरोपी महेंद्र चौधरी अपने गिरोह के साथ हर अभ्यर्थी से 3 लाख रुपए लेकर ठगी कर रहा था। इस मामले में पुलिस आरोपी के दो साथियों की तलाश कर रही है।

एसओजी-एटीएस अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वीके सिंह ने बताया कि ओएमआर शीट में गलत

- **हर अभ्यर्थी से 3 लाख रुपए वसूल रहा था यह गिरोह, शेष दो बदमाशों की तलाश जारी**

उत्तर को सही करने का झांसा देकर ठगी करने वाले बदमाश को दबोचा है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। आरोपी ने अब तक कितने लोगों को ठगी का शिकार बनाया और कितने रुपए लिए है, इसकी जानकारी ली जा रही है। इस प्रकार से ठगी करने की सूचना मिली थी। सूचना पर आरोपी से सम्पर्क किया गया। आरोपी ने मिलने के लिए स्टेच्यू सर्किल पर बुलाया। इस पर टीम के एक सदस्य को बोगस ग्राहक बनाकर भेजा गया और आरोपी को वहां से दबोच लिया।

पूछताछ में सामने आया कि व्यक्ति को जाल में फंसाने के लिए आरोपी उसे परीक्षा की कार्बन आंसर सीट लेकर बुलाते थे। सीट देखने के बहाने उनका एक साथी मोबाइल से उसकी फोटो खींच लेता और उसका प्रिंट निकालकर अभ्यर्थी को बता कर झांसे में ले लेते थे। आरोपी अभ्यर्थी उसकी कार्बन कॉपी के उत्तर बताकर उसे सही करने की बात कहते और उसके सामने ही फोटो से निकाले गए प्रिंट को फाड़ देते और उसकी जगह पर दूसरी सीट लगाने का झांसा देकर उससे रुपए ऐंठ लेते थे।

वीके सिंह ने बताया कि आरोपी पूर्व में डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा दिलाने के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। आरोपी ने अपने स्थान पर किसी और से परीक्षा दिलानी चाही थी , लेकिन पकड़ा गया। इस मामले में डमी कैंडिडेट और महेंद्र दोनों को गिरफ्तार किया गया था।

पांच साल के बच्चे से कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

जयपुर । शास्त्री नगर इलाके में घर के बाहर खेल रहे 5 साल के बच्चे के साथ दरिंदगी का मामला सामने आया है। बच्चा रोया और चीख तो आरोपी वहां से भाग गया। हालांकि पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बच्चों से लैंगिक अपराध की धाराओं और पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित बच्चा 5 साल का है और उसका मेडिकल कराया गया है। दर्ज रिपोर्ट पर पुलिस ने बताया कि शास्त्री नगर इलाके में एक कॉलोनी में बच्चा अपने घर के बाहर ही खेल रहा था। इसी दौरान वहां पास ही रहने वाला विजय नाम का एक खानाबदोश युवक आ गया। उसने बच्चे को साथ ले जाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं गया। तो बच्चे का मुंह दबाकर जबरन उसे उठा ले गया और नजदीक ही एक सुनसान से पड़े मकान में ले गया। इस दौरान वहां खेल रहे और बच्चे डर के मारे भाग गए। सुनसान मकान में ले जाने के बाद विजय ने बच्चे को पीटा, उसके साथ गंदा काम किया। बच्चा दर्द के कारण चीखने लगा तो उसे और पीटा और फिर वहां से फरार हो गया। बच्चा रोता हुआ घर पहुंचा तो उसकी हालात देखकर मां के रौंगटे खड़े हो गए। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। इस बीच पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने फरार होने से पहले आरोपी विजय को गिरफ्तार कर लिया।

प्रदेशभर में 1645 किलो खाद्य सामग्री जब्त

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 3570 किलो अशुद्ध सामग्री नष्ट करवाई

जयपुर । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने तथा मिलावट के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए शुरू किए गए 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य एवं सुरक्षा आयुक्तालय की टीमों द्वारा प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण शिव प्रसाद नकाते ने बताया कि 15 फरवरी को प्रदेशभर में एनफोर्समेंट की 81 एवं सर्विलेंस की 82 कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि टीमों ने प्रदेशभर में 1645 किलो खाद्य सामग्री जब्त की और 3570 किलो अशुद्ध सामग्री नष्ट की गई। इसी प्रकार मोबाइल फूड टेस्टिंग लेब के माध्यम से 523 नूमनों की जांच की गई। फूड सेफ्टी टेनिंग एण्ड सर्टिफिकेशन के लिए 4 कैम्प आयोजित किए गए

- **'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान के तहत प्रदेशभर में कार्रवाई कर रहा विभाग**
- **मोबाइल फूड टेस्टिंग लेब ने भी 523 नूमनों की जांच की**

तथा खाद्य अनुज्ञा पत्र के लिए 7 रजिस्टेशन कैम्प लगाए गए।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश भर में अभियान के तहत मिलावटखोरों पर सख्ती से शिकंजा कसा जा रहा है। खाद्य पदार्थों की सैम्पलिंग, सर्विलेंस, जब्ती और अशुद्ध खाद्य पदार्थों के नष्टीकरण की कार्रवाई की जा रही है। राज्य के खाद्य कारोबारियों को स्वच्छ एवं स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों के निर्माण भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय से संबंधित जानकारी एवं प्रमाणीकरण के लिए शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। अभियान में अधिक जोखिम वाले खाद्य पदार्थों का प्रमाणीकरण करने के साथ ही निर्माता फर्मों की ऑडिट भी की जा रही है। अभियान के दौरान मोबाइल लेब के माध्यम से मौके पर खाद्य पदार्थों की जांच और फूड लाइसेंस के लिए रजिस्ट्रेशन भी किए जा रहे हैं। साथ ही ईट राइट स्कूल, ईट राइट कैम्पस, ईट राइट प्लेस ऑफ वर्शिप, ईट राइट स्टेशन, ईट राइट क्लीन स्ट्रीट, ईट राइट वेजिटेबल मार्केट का प्रमाणीकरण किया जा रहा है। आमजन को शुद्ध एवं स्वच्छ खाद्य पदार्थों तथा श्रीअन्न (मोटा अनाज) की उपयोगिता के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।

सार-समाचार

पानी के टैंक में गिरने से मां-बेटी की मौत

जयपुर (कासं)। हरमाड़ा थाना इलाके में पानी के टैंक में गिरने से मां-बेटी की मौत हो गई। घटनाक्रम को लेकर ससुराल और पीहर पक्ष की तरफ से शिकायत दी गई है। सुसाइड के कारणों की जांच की जा रही है। घटना विनायक विहार टोडी की है। पुलिस के अनुसार विनायक विहार टोडी निवासी 22 वर्षीय ज्योति और उसकी 11 माह की बेटी चारवी का शव गुरुवार शाम को घर में बने पानी के टैंक में पड़ा मिला। शाम को काफी देर तक दोनों परिजनों को घर में नहीं मिले तो उनको खोजा गया। इस पर घर के बाहर बने पानी के टेंक के बाहर ज्योति की साड़ी नजर आई। इस पर दोनों को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया, जहां पर दोनों को मृत घोषित कर दिया गया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

जयपुर (कासं)। मानसरोवर में मेट्रो स्टेशन के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने पैदल चल रहे युवक को टक्कर मार दी। वेटर को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले की जांच दुर्घटना थाना साउथ कर रही है। पुलिस ने बताया कि सवाई माधोपुर निवासी 39 वर्षीय जावेद खान शादी-ब्याह में वेटर के रूप में काम करता था। 15 फरवरी की रात 11 बजे वह काम से लौट रहा था। न्यू आतिश मार्केट नाले के पास तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। मृतक वर्तमान में पालडी मीणा में झुग्गी झोपड़ी में रह रहा था।

फरार हुए दो और बाल अपचारी पकड़े

जयपुर । ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में स्थित बाल सुधार गृह की खिड़की काटकर 12 फरवरी की अलसुबह भागे 23 बालअपचारियों में से शुक्रवार को दो बाल अपचारियों को और पकड़ लिया गया है। गुरुवार को भी पुलिस ने तीन बाल अपचारियों को पकड़ा था। अब तक पकड़े गए बाल अपचारियों की संख्या ग्यारहह हो चुकी है। अब लॉरेंस गैंग के शूटर सहित करीब बारह बालअपचारी पुलिस की पकड़ से दूर है। ट्रांसपोर्ट नगर थानाधिकारी जुल्फीकार ने बताया कि शुक्रवार को मानसरोवर से दो बाल अपचारियों को दबोचा है। इन बाल अपचारियों को पूछताछ के बाद बाल सुधार गृह भिजवा दिया गया है।

जे.डी.सी.ने की राजस्व वृद्धि पर चर्चा

जयपुर । जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को रेरा से अनुमोदित योजनाओं की वर्तमान स्थिति और राजस्व सृजन को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें सचिव हेमपुष्पा शर्मा और वित्त निदेकश समेत कई अधिकारी मौजूद थे। बैठक में जोन 6 से सम्बन्धित लोहामंडी योजना, जोन-12 से सम्बन्धित नाहरी का बास व मंशारामपुरा योजनाएं, जोन-14 से सम्बन्धित जयचन्दपुरा व कोकावास योजना तथा रिंग रोड परियोजना के बारे में चर्चा की गई। जेडीए आयुक्त ने कहा कि, इन सभी योजनाओं में समुचित डिमार्केशन, पहुँच रास्ता तथा भूखण्डों को चिन्हीकरण करके नियमानुसार आवंटन तथा नीलामी की कार्रवाई की जाये। जोन उपायुक्त सम्बन्धित क्षेत्र में ग्रीनबेल्ट विकसित करने के लिए भूमि चिन्हित करे। ताकि इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया हो सके। उन्होंने इन सभी प्रोजेक्ट्स पर काम करने को कहा।

दिल्ली में ज्वैलर को लूटकर फरार हुआ गैंगस्टर गिरफ्तार

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने आरोपी निर्मल सिंह को पकड़कर दिल्ली पुलिस के हवाले किया

जयपुर (कासं)। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पुलिस मुख्यालय की टीम ने दिल्ली के एक ज्वैलर से फिल्मी स्टाइल में हुई लाखों के जेवर और नकदी लूट के मामले में फरार चल रहे पांच हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया हैं।

अपराध शाखा के पुलिस अधीक्षक करण शर्मा ने बताया कि करीब आठ महीने पहले दिल्ली के एक ज्वैलर से लाखों के जेवर और नकदी की लूट की वारदात हुई थी। मामले में इनामी गैंगस्टर निर्मल सिंह (24) निवासी भैंसलाना थाना सरुण्ड जिला कोटपूतली-बहरोड को पकड़कर दिल्ली पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया।

शर्मा ने बताया कि एजीटीएफ को सूचना मिली थी कि कोटपूतली बहरोड के आसपास 15-20 बाउंसर्स ने एक गिरोह बना रखा है। वह धमकी

देकर अवैध वसूली, अवैध बजरी के खनन, मारपीट कर लूटपाट एवं चोरी आदि अवैध कार्यों में संलिप्त है। थाना सरुण्ड निवासी निर्मल सिंह इस गिरोह का सरगना है। वह अभी किसी बड़ी वारदात करने की फिराक में है।

इस सूचना पर पुलिस टीम गठित कर उसे कोटपूतली बहरोड जिले की ओर रवाना किया गया। सूचना पुख्ता होने पर स्थानीय पुलिस के साथ

- **बदमाश ने पुलिस की पकड़ में आने के बाद भी तीन बार गाड़ी का गेट खोल भागने का प्रयास किया।**
- **आरोपी गैंगस्टर पार्ट टाइम में जयपुर की बड़ी होटल व क्लब में बाउंसर का काम करता था।**
- **वह अवैध वसूली, बजरी खनन, लूटपाट, चोरी जैसे अवैध कार्यों में संलिप्त था।**

घेराबंदी कर बदमाश निर्मल सिंह को पकड़ने का प्रयास किया गया। इस दौरान वह मौके से भाग निकला।

पीछे करने के दौरान एसजीटीएफ के एएसआई बनवारी लाल चोटिल हो गए। इसके बाद भी लगातार भागते हुए बदमाश निर्मल सिंह का पीछा किया और टीम के सहयोग से उसे दबोच लिया। इनामी बदमाश के पकड़े जाने पर टीम ने दिल्ली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर दिल्ली पुलिस से आए हैड कांस्टेबल रविन्द्र सिंह मय जाब्ता को बदमाश को सुपुर्द किया गया।

एजीटीएफ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश ने बताया कि करीब आठ महीने पहले निर्मल सिंह और उसकी गैंग के अन्य सदस्यों ने दिल्ली में एक ज्वैलर की गाड़ी का पीछा किया।

फिल्मी स्टाइल में व्यापारी की गाड़ी के आगे अपनी गाड़ी लगाकर रुकवाया और हथियार दिखाकर सोने-चांदी के जेवरात और नगदी लूट ली। बाउंसर का काम करने वाले गैंगस्टर निर्मल सिंह ने व्यापारी से लूट के बाद मिले जेवर और नकदी से एक थार गाड़ी, एक बुलेट बाइक, एक आईफोन खरीदने के साथ अपने मकान का काम कराया। साथ ही अपने जीजा को भी बोलेरो जीप दिलवाई। जयपुर ग्रामीण जिले के थाना प्रागपुरा में भी मुकदमा दर्ज है।

आरोपी गैंगस्टर पार्ट टाइम में बाउंसर का काम करता है। जयपुर की बड़ी होटल, क्लब, शहर में होने वाले विभिन्न इवेंट्स आदि में पार्ट टाइम बाउंसर का काम करता है। अवैध वसूली, बजरी खनन, लूटपाट, चोरी जैसे अवैध कार्यों में संलिप्त है। पकड़ने के बाद जब टीम इस गाड़ी से ला रही थी। तब भी इसने तीन बार गाड़ी का गेट खोल भागने का प्रयास किया।